
## खबर संक्षेप

### बरहो संस्कार में चाकूबाजी, दो घायल





**सतना।** अमरपाटन के वार्ड 6 बरहा टोला में बरहों संस्कार कार्यक्रम के दौरान विवाद हो गया।दोनों पक्ष के विवाद में कई युवकों ने दो युवकों से मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायलों को ईलाज के लिए सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया जहां पर उनका इलाज किया गया। ईलाज बाद कुल्लू चौधरी को दे दी गई,वहीं दूसरे घायल विशाल को ईलाज बाद गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर किया गया है। परिजन देर रात थाने गए थे परंतु एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी थी। घटना के बाद आरोपी फरार हैं पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है आरोपियों की तलाश की जा रही है घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### वार्ड न. 22 की सरकारी रोड व हैंडपम्प हुआ अतिक्रमण मुक्त



**मैहर।** हरनामपुर वार्ड नंबर 22 में कई वर्षों से हैंडपंप व रास्ता को लेकर समस्या बनी हुई थी, कुछ लोगो ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन 181 सहित प्रशासनिक स्तर के लोगो से कई बार की,मगर कोई निराकरण नहीं हो सका,आज श्रीमती राम लली द्धुबे पुत्र पवन द्धुबे मौके पर पहुंच कर वार्ड वासियों से राय लेकर सार्वजनिक हित को देखते हुए,नगर पालिका की मदद से हैंड पंप के सामने व आवागमन हेतु सड़क में ढोला डलवाकर रास्ता बनवाया और अतिक्रमण कारियों से अतिक्रमण मुक्त करवाकर मोहल्ले के लोगों को निजात दिलाया।

### कमलेश भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त



**मैहर।** मैहर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी की सहमति से मैहर मंडल शहर की कार्यकारिणी घोषित करते हुए वैश्य महासम्मेलन के जिला उपाध्यक्ष सर्राफा संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश सोनी को भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति पर श्रीकांत चतुर्वेदी विधायक,मैहर,मोतीलाल तिवारी पूर्व विधायक,अशोक चौबे,सांसद प्रतिनिधि संतोष,नितिन ताम्रकार,तुषार अग्रवाल,जिला कार्यालय मंत्री संजय पांडे,जितेन पांडे,पंकज अनिल बढ़ोलिया,सौरभ अग्रवाल,कार्तिक सर्राफ,पवन द्धुबे एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मुकेश ओझा पुनःभाजपा नगर मैहर मंडल उपाध्यक्ष बने



**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी मैहर मंडल अध्यक्ष विकाश तिवारी ने जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने की सहमति से मैहर मंडल शहर की कार्यकारिणी घोषित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व अध्यक्ष शारदा ओझा 'मुकेश 'को पुनः नगर मंडल मैहर का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में पत्रकार संपत मिश्रा की दुखद मृत्यु, एक अन्य गंभीर घायल

**सतना।** युवा पत्रकार सम्पत मिश्रा की सड़क हादसे में दुखद मृत्यु हो गई। एक अन्य पत्रकार की हालत गंभीर है जिन्हें इलाज के लिए रीवा रेफर किया गया है। यह घटना रविवार की रात 9:30 बजे जसो रोड पर हुई। हासिल जानकारी के मुताबिक दोनों पत्रकार मोटरसाइकिल से जसो से सतना आ रहे थे। इसी दरमियान मढ़ी मोड़ के पास वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें पत्रकार सम्पत मिश्रा की मृत्यु हो गयी एवं नरेन्द्र कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पंचनामा तैयार कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया गया। घायल नरेन्द्र कुशवाहा को शासकीय अस्पताल में उपचार के बाद रीवा रेफर कर दिया गया है।

# एयरपोर्ट विस्तारीकरण की बैठक टांय-टांय फिस!!

## 126 एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाने का जिम्मा एयरपोर्ट अथॉरिटी के हाथ, पहले बनेगा मास्टर प्लान

सतना हवाई अड्डे का रनवे 1800 मीटर करने को लेकर सोमवार को यहां कलेक्ट्रेट में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर सतीश कुमार एस,नगर निगम के आयुक्त शेर सिंह मीणा, एसडीएम रघुराज नगर राहुल सिलाडिया के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज, सतना।



बैठक में यह कहा गया है कि पहले इसका मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। बाद में आगे की कार्यवाही की जाएगी। आपको बता दें कि सतना हवाई पट्टी में अभी 1200 मीटर का रनवे है। जिसकी वजह से बड़े प्लान नहीं उतर पा रहे हैं। यही वजह है कि अभी तक उद्घाटन नहीं हुआ है और मामला अधर में लटका हुआ। बैठक में कहा गया है कि जमीन चूंकी नभ विभाग की है। लिहाजा राजस्व विभाग का इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं है। मौजूदा समय में यहां कॉलेज,स्कूल 450 से ज्यादा पक्के मकान,इससे ज्यादा झुग्गी झोपड़ियां एयरपोर्ट की जमीन पर ही बायपास रोड आदि मौजूद हैं।

### हवाई पट्टी की 126 एकड़ जमीन गायब

जमीन कहां गई? इसे खोजने की कोशिश की जा रही है। एयरपोर्ट अथारिटी के हिसाब से यहां केंद्र सरकार के नभ विभाग के पास कुल 451.66 एकड़ भूमि होनी चाहिए। यह तीन पटवारी हल्कों में विस्तृत है। करोड़ों रुपए खर्च करके हवाई पट्टी तैयार कर दी गई लेकिन अभी तक हवाई जहाज भी नहीं उतर पा रहे हैं। वायदे किए गए थे कि 2024 में हवाई पट्टी चालू कर दी जाएगी। लोगों को सुविधा मिलेगी लेकिन साल गुजर गया 2025 के कई महीने भी गुजर गए अभी तक हवाई सेवा सुचारु रूप से शुरू नहीं हो पा रही है। बताते हैं कि जमीन तीन पटवारी के क्षेत्र में है। पहला डिलौरा में 164.84 एकड़,

कोलगवां में 155.93 एकड़ और सोनौरा चेक उतैली 130.89 एकड़ है। परंतु एयरपोर्ट अथॉरिटी के हाथ में मौजूदा समय में 325 एकड़ भूमि ही बची है। शेष 126.2 एकड़ भूमि गायब हो गई। जिसके कारण अब सतना एयरपोर्ट को विस्तार करने के लिए नभ विभाग को अपनी जमीन को वापस पाने के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। जिम्मेदार हवाई अड्डे की जमीन से अतिक्रमण नहीं हटा सके। यह खुलासा विमानपत्तन निदेशक रामजी अवस्थी के उस पत्र से हुआ है जो उन्होंने कलेक्टर को लिखा है। साथ ही यह भी याद दिलाया है कि नवंबर 2023 में जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए लिखा गया था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। आज की स्थिति में सतना हवाई अड्डे की 451 एकड़ जमीन का ज्यादातर हिस्सा अतिक्रमण की चपेट में है।



# ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए भागे दो बाइक सवार टकराकर सड़क पर गिरे

### दोनों लोगों को आई चोट,कराया गया इलाज

हरिभूमि न्यूज, सतना।

सिविल लाइन थाने के अति व्यस्त इलाके कोठी मोड पर सोमवार की शाम ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग से बचकर भागे 2 बाइक सवार आपस में टकराकर सड़क पर गिर जाए। दोनों बाइक चालक घायल हो गए हैं जिनका उपचार कराया गया। गनीमत यह रही की कोई अन्य वाहन की चपेट में दोनों बाइक सवार नहीं आए। बताया जाता है कि हमेशा की तरह पुलिस कोठी मोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी और पुलिस चालान काट रही थी चालानी कार्यवाही देखकर दोनों बाइक सवार वहां से तेज गति से भागने लगे इसी दौरान दोनों बाइक आगे पीछे टकरा गई और बाइक चालक सड़क पर गिर गए। पटना के बाद यहां अफरा तफरी माहौल निर्मित हो गया। तत्काल दोनों बाइक चालक को सड़क से उठाकर सड़क के किनारे लाया गया। दोनों को साधारण चोट लगी है। इनका पास के अस्पताल में इलाज भी कराया गया है। उल्लेखनीय है कि इसी जगह पर कई बार वाहन चेकिंग के दौरान कई तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

## समाधान आनलाइन कार्यक्रम दो मई को

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दो मई को शाम चार बजे से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आयोजित समाधान आनलाइन कार्यक्रम में निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में समाधान आनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा तथा निवेश संवर्धन केन्द्र की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को कमिश्नर कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# 25 साल से जो लोग सत्ता में हैं उन्होंने शहर के विकास के लिए क्या किया: शंभू चरण

### विकास कार्यों को लेकर कहा- सूपा बोले तो बोले, चलनी क्या बोले जिसमें छेद ही छेद हैं!!

हरिभूमि न्यूज, सतना।



सतना शहर के अंदर जिस तरीके से विकास कार्य चल रहे हैं उतने विकास कार्य पहले कभी नहीं हुए थे। उसके बाद भी कुछ बड़बोले नेताओं व कुछ अन्य लोगों को विकास नहीं दिख रहा है और जिले के सत्ताधीश एक बड़े नेता के इशारे पर विधवा विलाप किया जा रहा है। यह बात वरिष्ठ समाज सेवी शंभूचरण दुबे ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कही। श्री दुबे ने कहा कि सतना शहर में जितने विकास कार्य हुए या तो शहर के महापौरों ने कराये या तो विधायकों ने,सतना शहर में फ्लाईओवर,मेडिकल कॉलेज, स्कूलों का उन्नयन,हॉस्पिटल में काम सब शंकरलाल तिवारी ने कराया। रीवा विकास के मामले में कभी सतना से पीछे बताया जाता था,वहीं रीवा आज विकास के मामले में सतना से कई मील आगे निकल चुका है। रीवा में एयरपोर्ट है,विश्वविद्यालय है,कई फ्लाईओवर है,जितना भी गिनाया जाए कम है। सतना से इंडियन ऑयल का डिपो जबलपुर चला गया,एयरपोर्ट बना है लेकिन किसी मतलब का नहीं, कैंसर यूनिट चली गई,सरभंगा अभ्यारण्य की स्थिति से सभी वाकिफ हैं। व्हाइट टाइगर मैहर जिले में चला गया, सतना बमीठा फोर लेन आज तक नहीं बन पाई आखिर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता ने किया क्या। एलिवेटेड रोड सतना के अंदर में कागजों में बन रही है पहले वित्तमंत्री ने इस बात की घोषणा विधानसभा में की पर सतना के विधायक ने सवाल किया कि आखिरकार कहां बन रही है सड़क। इस तरीके से कागजों में विकास हो रहा है उस पर लोग चुप्पी साधे हुए हैं। श्री दुबे ने कहा कि सतना के अंदर एक शासकीय कॉलेज है छात्रों की संख्या इतनी है कि उनके बैठने की व्यवस्था नहीं है इसी तरीके से इंदिरा कॉलेज की स्थिति है दशकों से सत्ता में बैठे नेता ने सिर्फ फोटो खिंचवाने के अलावा किया क्या। बरगी नहर के पानी को लेकर सिर्फ फोटो खिंचवा लेते हैं। सतना जिले की जनता को सिर्फ तारीख पर तारीख दे रहे हैं। जिला चिकित्सालय के डॉक्टर न टाइम से जाते हैं ना टाइम से आते हैं और कई पोस्ट तो खाली पड़ी है 25 साल में एक न्यूरो सर्जन दे देते एक नेफ्रोलॉजिस्ट दे देते और भी कई प्रकार के चिकित्सक नहीं है। आज तक नियमित मुंबई के लिए ट्रेन नहीं चलवा पाए जबकि सतना जिले वासियों के ये महती आवश्यकता है। किसी भी व्यक्ति के बारे में टिप्पणी वह करें जिसने शहर और जिले का विकास किया हो सूपा बोले तो बोले चलनी क्या बोले जिसमें छेद ही छेद हैं। विधवा विलाप करने वाले नेता अपने भाई का पैसा खा गया बहन का पैसा खा गया भाई को इतना पीड़ित कर दिया कि उसे सतना छोडऩा पड़ा। श्री दुबे ने कहा कि जो व्यक्ति अपने सगे-संबंधियों का सगा नहीं है वह व्यक्ति समाज का क्या सगा होगा,वह दूसरों के ऊपर क्या उंगली उठाता है। अब जो व्यक्ति अरबों रुपए का विकास कार्य कर रहा है उस पर टीका टिप्पणी की जा रही है तीस साल से जो सत्ता सुख भोग रहे हैं वो किसी को 5 साल तो इत्मीनान से दीजिए उसके बाद टीका टिप्पणी करिए। श्री दुबे ने कहा कि सतना शहर की ऐसी ऐसी सड़के बन गई जिनकी कभी उम्मीद नहीं थी बिट्स कॉलेज की सड़क बन गई पतेरी से महदेवा बन गई जयस्तंभ चौक से टिकुरिया टोला रोड बन गई।भरहुत नगर में काम चल रहा है अस्पताल रोड,स्टेशन रोड की सड़क बन रही है सब्र करिए। जब शहर के विकास कार्यों का निरीक्षण कर रहे थे तो ठेकेदारों का नाम और मोबाइल नंबर क्यों एकत्र कर रहे थे और फिर उन्हें घर क्यों बुलाया। अगर सतना शहर के महापौर विकास कार्यों में भेदभाव कर रहे होते तो कई कांग्रेसी पार्षद बीजेपी में क्यों चले आते और आज भी जहां कांग्रेस के पार्षद हैं वहां भी विकास के मामले में भेदभाव नहीं किया जा रहा है शहर की सरकार हाथ में जो भी है उसके अनुसार विकास कार्यों की समीक्षा में मै उसे उत्तम दर्जे का पाता हूं।

## मैहर भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी घोषित

# श्रमिकों के हितों के लिए संगठन ने लिया संघर्ष का संकल्प

हरिभूमि, मैहर।



भारतीय मजदूर संघ ने मैहर जिले में अपनी नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। वरिष्ठ कार्यकता और श्रमिक हितों के लिए कई दशकों से संघर्षरत कंधीलाल बुनकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रभारी रविन्द्र मिश्रा,विभाग पदाधिकारी मगन लाल सहित अन्य वरिष्ठजनों की सहमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार कैलाश कछवाह को जिला अध्यक्ष,रामप्रकाश चौरसिया को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पुरुषोत्तम पटेल और विजय मिश्रा को उपाध्यक्ष, मनोज शुक्ला को जिला मंत्री तथा सुरजीत सिंगरहा को सहमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दिलीप सिंह पटेल और विपुल सिंह परिहार मंत्री,राजकुमार विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष,कल्पना सिंह विधि सलाहकार, प्रशांत शुक्ला मीडिया प्रभारी,और अरविंद सेन कार्यालय मंत्री बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में चंद्रवती साकेत,विमला सिंह, प्रद्युम्न कोरी, भोला प्रसाद तिवारी,किरण सेन,हेमा शुक्ला,रानी कुशवाहा, शिवकुमार केवट,सलमा बेगम और समीम बानो शामिल हैं। संगठन के मुख्य सलाहकार की भूमिका कमल श्रीवास्तव निभाएंगे। नई कार्यकारिणी ने संकल्प लिया कि वे जिले के श्रमिकों की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और जल्द ही बड़े स्तर पर आंदोलन कर श्रमिकों की आवाज बुलंद करेंगे।

### बैंक लोन जमा करने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**कटनी।** महिलाओ से बैंक लोन जमा करने के नाम पर लाखों रूपये का गबन करने वाले दूसरे आरोपी अभिषेक विश्वकर्मा को जबेरा ज़िला दमोह से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी माधवनगर अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में भारत फाईनेन्स बैंक के समूह मेम्बरो की महिलाओं से लोन की किस्त एवं प्री पेमेन्ट लिये गये लोन को नियत अवधि के पूर्व लोन क्लोज करना ,अन्य सी एस पी ऐप के माध्यम से महिला सदस्यों से यह कहकर कि आपके नाम से बैंक से लोन हुआ है या नही ,चेक करने के नाम पर बायोमैट्रिक मशीन में अगूठा लगवाकर समूह की महिलाओं के बैंक खातों से पहले से प्राप्त लोन को निकाल लिया एवं महिलाओं से लोन की किस्त की राशि जिसे बैंक में जमा कराया जाना था

## सतना में 20 नरवाई जलाने की घटनायें सैटेलाईट मैपिंग में आई सामने

**हरिभूमि, सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड से कम भूमि धारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 2500,दो एकड से अधिक किन्तु पांच एकड से कम भूमिधारक को 5000 तथा पांच एकड से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 15000 रूपये प्रति घटना देय होगी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय भोपाल से प्राप्त सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट अनुसार 27 अप्रैल को सतना जिले के अलग-अलग अनुविभागों में कुल 20 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें तहसील रघुराजनगर में 7, कोठी में 1, रामपुर बघेलान में 6, नागौद में 4 तथा उचेहरा में 2 घटनायें रिकार्ड की गई है। उप संचालक कृषि ने संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों को सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट से अवगत कराते हुये जिला दंडाधिकारी के निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

## कुठला पुलिस ने की कार्यवाही, तत्वों को सुधर जाने दी सख्त ताकीद

# अशांति फैलाने वाले दर्जन भर अपराधिक तत्वों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज कटनी

कुठला पुलिस ने एक दर्जन असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही की है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा क्षेत्र में अमन शांति कायम रखते हुए असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने प्रभावी कार्यवाहियां किए जाने निर्देशित किया गया है।

थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में कुठला पुलिस द्वारा आपस में विवाद कर क्षेत्र में अशांति फैलाते पाये जाने



पर 12 असामाजिक तत्त्वों कृष्ण केवट उर्फ किशन पिता अशोक केवट 25 साल निवासी शंकरगढ पहरुआ थाना कुठला, गुड्डू पिता गन्नू बर्मन 28 साल निवासी इन्द्रानगर थाना कुठला, क्रांती निषाद पिता सुरेश निषाद 19 साल निवासी इन्द्रानगर थाना कुठला, मुन्ना चौधरी पिता कंशू चौधरी उम्र 40 साल निवासी कन्हवारा थाना कुठला, राकेश बंशकार पिता कंधीलाल बंशकार 42 साल निवासी लमतरा थाना कुठला, विनोद कुमार पिता सुखन्दी कोल 38 साल निवासी जोबी मझगवां थाना कुठला, दिलीप दाहिया पिता कमलेश दाहिया 24 साल निवासी मतवार पडरिया थाना कुठला, अंकुश कोल पिता विनोद कोल 19 साल निवासी जोबी मझगवां थाना कुठला, राजा यादव पिता बुद्ध यादव 18 साल निवसी पिलौंजी थाना कुठला, सचिन पाल पिता गनपत पाल 19 साल निवासी पिलौंजी थाना कुठला, विजय कुमार यादव पिता रामसहाय उम्र 30 साल निवासी डिठवारा थाना कुठला, अजय चौधरी पिता रमेश चौधरी उम्र 26 साल निवासी कन्हवारा थाना कुठला, के विरुद्ध शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई, नायब तहसीलदार आकाश नामदेव द्वारा थाना कुठला में उपस्थित होकर सभी अनावेदको के विरुद्ध फाइनल फाईनल बाउण्ड ओवर की कार्यवाही की गई।

## खबर संक्षेप

### सीताराम सीताराम रामधुन से दिन-रात गूंजायमान हो रहा सिद्धनाथ आश्रम

**पन्ना।** प्रसिद्ध प्राचीन सिद्धनाथ अगस्त मुनि आश्रम पर्यटन स्थल में जुडने के बाद भव्य सुंदर लगने लगा है क्योंकि स्थान में प्रदेश सरकार ने पर्यटन क्षेत्र की तर्ज पर इस स्थान को अति आधुनिक सुंदरता से परिपूर्ण कर दिया है जो दिव्यता के साथ सुंदर मनमोहन हो गया है हालाकी स्थान प्राचीन काल से ही धार्मिक महत्वपूर्ण है क्योंकि देव ऋषि अगस्त मुनि की तपो स्थली है इस कारण प्रभु श्रीराम वनवास काल के समय देव ऋषि से मिलने आये थे स्थान पर कुछ दिनों बिताकर मुनी से अस्त्र शस्त्रों कि शिक्षा ग्रहण की थी राम पथ गवन में जुडने एवं पर्यटन स्थल में जुडने के बाद। स्थान सुंदर भव्य लगने लगा है अब स्थान पर दर्शनार्थियों की संख्या बढने के साथ धार्मिक आयोजन भी खूब होने लगे हैं धार्मिक आयोजनों के लिए कथा पंडाल प्रतिक्षालय भंडारा स्थल पेयजल जैसे विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हो गई है। हाल ही में पटना बिल्हा एवं क्षेत्रीय लोगों द्वारा सामूहिक रूप से मासिक अखंड रामधुन संकीर्तन किया जा रहा है यह संगीत में रामनाम संकीर्तन में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं

### परशुराम जन्मोत्सव मनाए जाने की तैयारी आरंभ, आवश्यक बैठक आज

**अमानगंज ।** हिंदू सनातन संस्कृति के प्रमुख त्योहारों में से एक परशुराम जन्मोत्सव आगामी 30 अप्रैल को सारे देश में पूरे उत्साह के बीच गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मनाया जा रहा है जहां भगवान परशुराम के वंशज उनके भक्त पूरे उत्साह और श्रद्धा भक्ति भाव के साथ उनकी आराधना एकजुट होकर करेंगे इसी विषय को लेकर पन्ना जिले के बहुसंख्यक विप्र समुदाय क्षेत्र अमानगंज नगर मुख्यालय में यह आयोजन हर वर्ष आयोजित होता है जिसकी तैयारी बैठक आज 28 अप्रैल को नगर के मुख्य देव स्थल श्री श्री 1008 बालाजी सरकार मंदिर में आयोजित की गई है।

डी.आई.जी. छतरपुर ने आयोजित परेड के निरीक्षण उपरान्त पुलिस दरबार आयोजित कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं का किया निराकरण

# पुलिस उप महानिरीक्षक ललित शाक्यवार छतरपुर रेंज छतरपुर द्वारा किया गया पन्ना जिले का वार्षिक निरीक्षण

## निराकरण, दरबार के दौरान कर्मवीर योद्धाओं को किया गया सम्मानित








**पन्ना हरिभूमि न्यूज।** वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर द्वारा पुलिस लाइन पन्ना, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना की विभिन्न शाखाओं सहित कार्यालय डी.एस.पी अजाक, थाना कोतवाली,देवेन्द्रनगर, अजाक एवं पुलिस जिम का किया गया निरीक्षण आज दिनांक 28.04.2025 को उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज छतरपुर ललित शाक्यरवार का पन्ना जिले में वार्षिक निरीक्षण हेतु आगमन हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। वार्षिक निरीक्षण दौरान क्प्ळ महोदय छतरपुर द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड पन्ना में रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर के नेतृत्व में आयोजित परेड का निरीक्षण किया गया। जिनके द्वारा उत्कृष्ट टर्नआउट (वेशभूषा) वाले पुलिस अधि0/कर्मचारियों को प्रोत्साहन हेतु पुरुस्कृत किया एवं परेड की गुणवत्ता, अनुशासन तथा परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के शारीरिक फिटनेस की सराहना की गई। इसके साथ ही पुलिस लाइन में उपलब्ध शासकीय वाहनो का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें वाहनो की स्थिति, रखरखाव, उपलब्धता एवं परिचालन क्षमता की समीक्षा की। उन्होने वाहन अभिलेखों के अद्यतन रखने एवं नियमित सर्विसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। परेड निरीक्षण उपरान्त क्प्ळ महोदय छतरपुर द्वारा पुलिस मुख्यालय भोपाल की पुलिस कल्याणकारी योजनाओं के तहत पुलिस लाइन परिसर पन्ना में नवीन सी.पी.सी. पुलिस कैंटीन का शुभारंभ किया गया। इस कैंटीन के माध्यम से पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।डी.आई.जी. छतरपुर द्वारा पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु पुलिस दरबार का आयोजन किया गया। कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और सुझाव प्रस्तुत किए, जिनमें से कई का तत्काल समाधान किया गया तथा शेष के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। दरबार के दौरान डी.आई.जी. द्वारा पुलिस अधि0/कर्मचारियों से कहा गया कि आप लोग निजी एवं विभागीय समस्याओं को लेकर तनाव में ना रहे, समस्याओं को उच्च अधिकारी एवं पुलिस साथी से साझा करें, हर समस्याओं का हल संभव है। स्वयं का एवं परिवार का ख्याल रखें, नैतिकता एवं खुशी से रहें। पुलिस दरबार में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित जिले के समस्त अनु0अधि0 पुलिस, रक्षित निरीक्षक पन्ना, समस्त थाना/चौकी प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना का पुलिस बल, पुलिस लाइन का बल एवं थाना/चौकियों से आया पुलिस बल उपस्थित रहा। पुलिस दरबार के दौरान डी.आई.जी. छतरपुर द्वारा कोरोना महामारी की रोकथाम एवं उससे उद्भूत चुनौतियों से संघर्ष के दौरान अथक परिश्रम एवं उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता को निभाने वाले पुलिस अधिकारी/कर्म0 को कर्मवीर योद्धा पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डी.आई.जी. छतरपुर द्वारा पुलिस लाइन पन्ना, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना की विभिन्न शाखाओं सहित, कार्यालय डी.एस.पी. अजाक, थाना कोतवाली, थानाअजाक, थाना देवेन्द्रनगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। थानों में संधारित रिकॉर्ड के रखरखाव, बलवा ड्रिल सामग्री, सी.सी.टी.व्ही. कैमरे एवं हवालात का निरीक्षण किया गया। डी.आई.जी. द्वारा पुलिसकर्मियों की शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने हेतु स्थापित पुलिस जिम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरान्त उन्होनें जिम के उपकरणों की स्थिति एवं उपयोगिता की सराहना करते हुए इसके नियमित उपयोग एवं अनुरक्षण हेतु निर्देशित किया।

# जनता की मजबूरी पर तांडव करते कर्मचारी/अधिकारी

**सलेहा।** घटना दिनांक 26 अप्रैल की है सुबह से विद्युत आपूर्ति बाधित थी लगभग 12 बजे विद्युत आपूर्ति विभाग के कार्यपालन अभियंता से व्हाट्सएप के जरिए बात होती है तब जाकर विद्युत सप्लाई बहाल होती है ठीक उसके घंटे डेढ़ घंटे बाद फिर विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है सब स्टेशन के कर्मचारियों से पूछने पर जवाब गोल माल प्राप्त होते हैं थक हारकर लगभग 4 बजे विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को फोन मिलाना पड़ जाता है उसके बाद अफरा तफरी तो मचती है परंतु वहां से भी नाउम्मीद लौटना पड़ा उसके बाद से लगभग रात को 8 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल होती है ठीक आधे एक घंटे बाद फिर लाइट काट दी जाती है उसके बाद लाइट आती तो है परंतु दिनांक 27/04 को सुबह के समय तेज गति से तूफान चलने के मेसेज आते हैं विद्युत आपूर्ति विभाग के ग्रुप से ओर लाइट फिर काट दी जाती है उसके बाद दूसरा मैसेज आता है कि लाइट फॉल्ट है और महज 10 घरों की विद्युत सप्लाई की व्यवस्था को दुरुस्त करने के चक्कर में लगभग दर्जन भर गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित करा दी जाती है फिर विद्युत आपूर्ति लगभग 11बजे के बाद शुरू होती है और आधे घंटे के बाद वापस सप्लाई बाधित हो जाती है। जल जीवन मिशन के तहत होने वाली पानी की आपूर्ति लगातार बाधित हो रही आखिर जब ये होना है तो लाखों करोड़ों के पाइप जमीन में गाड़ कर क्या हो रहा है क्या वो पाइप के पेड़ पौधे पैदा होंग आखिर चल क्या रहा है क्या विद्युत के खंभे और तार डीथौरा मात्र हैं क्या सफेद हाथी जैसे विद्युत विभाग को जनता का खून चूसने के लिए रखा गया है। सवालों की लिस्ट लंबी है मगर जवाबदार मौन धारण कर जनता की मजबूरी पर भारत नाट्यम करते हुए नजर आ रहे हैं। कहते हैं विद्युत विभाग घाटे में है परंतु आज भी प्रदेश में कितने स्कूल हैं जिनमें लाइट लगी ही नहीं है परंतु हर महीने बिल जरूर आ रहा है और जमा भी हो रहा है। पी एच ई के कितने कनेक्शन है जिनमें आज भी मोटर नहीं चल रही है परंतु बिल आ रहा है और जमा भी हो रहा है। जनता का खून सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा लगातार चूसा जा रहा है। ये लोग पैरासाइट्स की तरह जनता के खून से अपना पेट भर रहे हैं और बदले में जनता को ही चोट पहुंचा रहे हैं। सलेहा की स्थिति किसी सौतेले बेटे से कम नहीं दिखाई दे रही है। जनता दर्द के मारे कराह रही है लेकिन कुछ कर्मचारी अपने रिश्तेदारों के सहयोग के लिए इस हद तक पहुंच जाते हैं कि बाकी के लोगों का बिगाड़ तक कर देते हैं और इन्हें जिम्मेदार अधिकारियों की सह प्राप्त है।

# कीरतपुर ग्राम पंचायत में 60 लाख के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

## पूर्व मंत्री व विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राम सतानंद गौतम रहे मौजूद





**पन्ना हरिभूमि न्यूज।** जिले की कीरतपुर ग्राम पंचायत बीते 2 वर्षों से ग्राम पंचायत की कन्याओं के विवाह में विशेष उपहार प्रदान करता है इसी क्रम में आज सरपंच बबीता रामबाबू गौतम ने पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सदानंद गौतम की मौजूदगी में आज ग्राम में विशेष समारोह आयोजित कर गरीब क,न्याओं को फ्रीज, टीवी, कूलर,बक्सा,अलमारी सहित विशेष उपहार प्रदान किऐ इसी कार्यक्रम में ग्राम के विकास में 60 लाख की निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं उद्घाटन किया गया जिसमें 20 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन, 10 लाख की लागत से बने विशिष्ट अतिरिक्त कक्ष, 15 लाख की नाली एवं सुंदरीकरण सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया गया सर्वप्रथम विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह का माला एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत के बाद फीता काटकर भवनो का उद्घाटन किया गया सभी कन्याओं को क्रमशः उपहार प्रदान किया इस दौरान विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कीरतपुर ग्राम पंचायत के कार्यों की प्रशंसा की कहा पैसे तो बहुत लोग कमाते हैं लेकिन अपनी कमाई से गरीबों की मदद करना पुण्य का काम कम ही लोग करते है ग्राम पंचायत की सरपंच बबिता रामबाबू गौतम अपने ग्राम में गरीबों की मदद कर पुण्य का काम कर रही है मैं इनके कार्य की प्रशंसा करता हूं उन्होंने कहा कि सरकार लगातार गरीब कल्याण के काम कर रही है ग्राम के प्रतीक व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए, बृजेंद्र प्रताप सिंह ने आगे कहा हमारी भाजपा सरकार जनकल्याण के कार्य करती है, आम जनमानस हमारी सरकार से खुश है भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने इस दौरान संगठन के लोगों से निरंतर जनहित में गरीबों की मदद करने की कार्य की अपील की और ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्य की प्रशंसा कर कहा कीरतपुर ग्राम पंचायत लोगों के लिए अनुकरणीय है, जो ग्राम के प्रतेक कन्या के विवाह में विशिष्ट उपहार प्रदान कर रही है, वरिष्ठ भाजपा नेता सदानंद गौतम ने बताया हमारी ग्राम पंचायत जरूरतमंद लोगों की निरंतर मदद कर रही है भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जी के प्रयास से कीरतपुर ग्राम पंचायत में निरंतर बड़े-बड़े काम हो रहे हैं हमें उम्मीद है कि और भी कार्य होंगे उन्होंने कहा कि गांव में जितने भी जरूरतमंद लोग होते हैं सभी की ग्राम पंचायत एवं मेरा परिवार मदद करता है जब से मेरी अनुज बधु सरपंच बनी है हम लोग अपनी निजी कमाई से गरीबों की मदद कर रहे हैं, हमारा प्रयास है कि सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ हमारे ग्राम पंचायत के लोगों को मिले इसके मैं निरंतर प्रयास कर्ता हूं इस दौरान नगरपरिषद अजयगढ़ की अध्यक्ष सीता गुप्ता, जनपद सीईओ सतीश नागवंशी, राकेश चौबे, जिला पंचायत सदस्य दिनेश भुर्जी, वृंदावन पटेल, रामायण लोधी, अभिमन्यु सिंह, रामबाबू गौतम, केके गौतम, राम प्रताप यादव प्रेम वर्मा अमृतलाल नागर देवी दिन यादव फूलचंद पहलवान नीलांशु त्रिवेदी विनोद तिवारी पीयूष त्रिपाठी बहादुर राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# लंबित प्रकरणों का सुनिश्चित हो प्रभावी निराकरण- कलेक्टर

### टीएल बैठक में हुई समीक्षा, एल-1 स्तर पर शिकायत अटेंड नहीं करने पर जारी होंगे नोटिस



**पन्ना हरिभूमि न्यूज।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में हुई टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों को आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत आठ चयनित विषयों के प्रकरणों सहित 100 दिवस से अधिक समयावधि की अधिक संख्या में लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का अविलंब प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर प्रकरण लंबित न रहें। लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाए अथवा फोर्स क्लोज की कार्यवाही करें। जिला कलेक्टर ने किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारी को समस्त मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को निरंतर सक्रिय रहकर दायित्वों के निर्वहन के लिए निर्देशित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही अन्य जिलाधिकारियों को भी फील्ड स्तरीय अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए कहा। इसके अलावा सभी एसडीएम को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर निराकरण कराने तथा अविवादित नामांतरण और वर्षाकाल के पूर्व शत-प्रतिशत सीमांकन प्रकरण के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैठक में ग्रीष्मकाल में सतत रूप से पेयजल और विद्युत संबंधी शिकायतों के तत्परतापूर्वक निराकरण के लिए भी निर्देशित किया गया। इस अवसर पर समस्त एसडीएम को शासन के नियमों के मुताबिक सावधानीपूर्वक जाति प्रमाण पत्र जारी करने की नसीहत भी दी गई। कलेक्टर श्री कुमार ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत एल 1 स्तर पर शिकायत अटेंड नहीं करने वाले अधिकारियों क्रमशः डॉ. सुनील अहिरवार, चन्द्रमणि सोनी, नूतन जैन एवं आनंद शुक्ला पर नाराजगी जताई और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह लोक सेवा गारंटी अधिनियम में समय सीमा बाह्य शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह का अवसर प्रदान कर अर्थदण्ड अधिरोपित करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए कहा।

### योजनाओं की प्रगति के आधार पर मिलेगी रैंक

कलेक्टर ने टीएल बैठक में जानकारी दी की अब शासन के नवीन दिशा निर्देशानुसार चिन्हित विभागों की चुनिंदा योजनाओं की प्रगति के आधार पर प्रति दिवस जिले की रैंक जारी की जाएगी। इसके लिए पोर्टल पर नियमित रूप से सही डाटा एण्ट्री की कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही चिन्हांकित योजनाओं में निरंतर पूर्ण नम्बर प्राप्त करने का प्रयास किया जाए। जिला कलेक्टर द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला मुख्यालय पर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपस्थित रहकर जन समस्याओं के निराकरण के निर्देश भी दिए गए। इसी तरह ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों द्वारा समग्र ई-केवायसी कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबन कार्यवाही के निर्देश भी दिए। जिले के पोषण पुनर्वास केन्द्रों की व्यवस्थाओं के संबंध में भी आवश्यक जानकारी ली गई।

### गेहूं परिवहन के संबंध में दिए निर्देश

टीएल बैठक में गेहूं उर्पाजन कार्य की समीक्षा भी की गई। बताया गया कि अब तक 3 लाख 72 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी पूर्ण कर ली गई है। इसके विरूद्ध उपार्जित स्कंध के परिवहन की प्रगति कम है। इसमें समय लगने की संभावना के दृष्टिगत नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी को परिवहन के लिए ट्रक व्यवस्था एवं वेयरहाउस प्रबंधक को भंडारण व्यवस्था के लिए तत्काल वांछित कार्यवाही पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त 53 केन्द्रों पर बारदाना उपलब्धता व सोसायटी के माध्यम से तिरपाल व्यवस्था सहित मसूर खरीदी व भंडारण की जानकारी भी ली। इस दौरान शासन स्तर से खाद्यान्न आवंटन आदेश जारी होने के तुरंत बाद खाद्यान्न उठाव व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रतिमाह 25 तारीख तक अनिवार्य रूप से जरूरी फीडिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अन्नदूत योजना के तहत संबंधितों की जिम्मेवारी तय कर मॉनीटरिंग तथा खाद्यान्न उपभोक्ताओं के ई-केवायसी कार्य में लापरवाही पर संबंधित विक्रेता के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

### अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के हों समुचित प्रबंध

कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के मौसम में जिले के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के पर्याप्त प्रबंध हों। नगरीय निकायों के सीएमओ फायर बिग्रेड और संबंधित अमले को अलर्ट मोड पर रखना सुनिश्चित करें। फायर वाहनों का मरम्मत कार्य भी समय पूर्व पूर्ण कराएं। आगामी दो माह के लिए सचिव एवं रोजगार सहायक को भी ग्राम पंचायतों के टैंकर में पानी भरकर रखने की व्यवस्था के लिए पाबंद किया जाए। उन्होंने नियमित रूप से नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए। आगामी 2 मई को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभागवार गतिविधियों के नियमित आयोजन तथा प्रचार प्रसार के लिए भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा कोषालय के आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर एम्पलाई आईडी से समग्र आईडी के सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने वाले विभागों के संबंधित कर्मचारियों सहित लेखापाल एवं आहरण-संवितरण अधिकारी के वेतन आहरण पर रोक लगाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अन्य अंर्तविभागीय समन्वय के विषयों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# केन्द्र के समान 55 % डीए दिए जाने पर प्रदेश सरकार का जताया आभार

**पन्ना हरिभूमि न्यूज।** गत दिवस तुलसी नगर, भोपाल में म.प्र. राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि व प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी ने म.प्र. के साढ़े सात लाख कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) 5ः बढ़ाकर केंद्र के समान 55ः करने की विधिवत घोषणा की। साथ ही इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने और बकाया एरियर्स राशि को किस्तों में प्रदाय करने के दिशा-निर्देश जारी करने की बात कही। इस कर्मचारी हितैषी घोषणा से अभिभूत होकर म.प्र. अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा पन्ना के जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव, म.प्र. राजपत्रित अधिकारी संघ जिला इकाई पन्ना के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह परमार तथा संयुक्त मोर्चा पन्ना के जिला सचिव विनोद अवस्थी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। इस अवसर पर आर.डी. चौरसिया (अध्यक्ष, शासकीय लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ, पन्ना), रमेश प्रसाद पटेल (जिलाध्यक्ष, अपाक्स), बाला प्रसाद परौहा (जिलाध्यक्ष, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ), डॉ. दिनेश कुमार पटेल (जिलाध्यक्ष, पशु-चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ), सलीम खान (संभागीय अध्यक्ष, हेल्थ डिपार्टमेंट अधिकारी कर्मचारी संघ), आर.पी.प्रजापति (जिलाध्यक्ष, अजाक्स), राजकिशोर शर्मा (जिलाध्यक्ष, समग्र शिक्षक संघ), अशोक कुमार पाण्डेय (जिलाध्यक्ष, लघु वेतन कर्मचारी संघ), विमल कुमार यादव (पूर्व अध्यक्ष, पटवारी संघ), कमलेश कुमार त्रिपाठी (शिक्षक कांग्रेस) महीप कुमार रावत जिलाध्यक्ष वन कर्मचारी संघ सहित समस्त कर्मचारी संघों ने जिले के सभी कर्मचारियों की ओर से शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही, कर्मचारी संगठनों ने शासन के विभागीय दिशा-निर्देशों में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है। कर्मचारियों से जुड़ी अन्य लंबित मांगों के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु भी सरकार से विनम्र अपील की गई है।



## खबर संक्षेप



### राष्ट्र विरोधी टिप्पणी के खिलाफ युवा मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**कोतवाली थाना में ज्ञापन देकर उठाई एफआईआर की मांग**

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** भाजपा युवा मोर्चा ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी और पार्टी की छवि धूमिल करने वाली टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को युवा मोर्चा ने सिटी कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी अरविंद दांगी को ज्ञापन सौंपा।

भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने बताया कि स्मिता जैन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बिना तथ्यों के आधार पर पहलगाम आतंकी हमले में भाजपा और हिंदू कार्यकर्ताओं की संलिप्तता का झूठा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी से भाजपा की छवि को नुकसान पहुंचाने, कार्यकर्ताओं पर फर्जी आरोप लगाने और समाज में सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। इससे हमारी भावनाएं आहत हुई हैं। युवा मोर्चा ने प्रशासन से स्मिता जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और ऐसे राष्ट्र विरोधी बयान देने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंचल जैन, जिला महामंत्री विक्की सिंह तोमर, जगदंबा पटेल, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बुंदेला, दीपक शिवहरे, जिला कार्यालय मंत्री पुण्य प्रताप सिंह परमार, अमन शुक्ला, आदित्य पटैरिया, शिवम वाजपेयी, भूपेंद्र पटेल, मयंक अरजरिया, सचिन मिश्रा, रवि कुशवाह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### 9 खनिज माफियाओं से वसूले जाएंगे 2 लाख 43 हजार 607 रुपए

### खनिज के अवैध परिवहन और भंडारण करने पर हुई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा जिले में अवैध रूप से खनिज भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाहियां कर शिकंजा कसा जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा विगत 25 अप्रैल को 9 अनावेदकों के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर कुल 2 लाख 43 हजार 604 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित कर सम्बन्धित को पेनाल्टी राशि जमा कराने के आदेश दिए गए है।

आदेश के अंतर्गत सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के उप-नियम (1) के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया। उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशनन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का खनिज विभाग को निर्देश दिया है।

# आरटीओ और ट्रैफिक अधिकारी संयुक्त दल बनाकर वाहनों की चेकिंग करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज छतरपुर।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में चिन्हित जघन्य सनसनीखेज अपराधों, नार्कोटिक्स, सड़क सुरक्षा समिति को समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में एसपी अगम जैन, एएसपी विदिता डागर, एसडीएम मिलिंद नागदेवे, डीपीओ प्रवेश अहिरवार, यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नार्कोटिक्स की बैठक में कलेक्टर ने खाद्य नमूने जांच में फेल होने पर फूड ऑफिसर से की गई कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए लाइसेंस कैंसिल की कार्यवाही कर एफ.आई.आर. दर्ज कराने के निर्देश दिए। ड्रग इंस्पेक्टर बेच रहे बिना प्रिसक्रिप्शन के गलत दवाइयों पर संयुक्त रूप से निरंतर कार्यवाहियां करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने नशीली पदार्थों के सेवन से रोकने के लिए निर्देशित किया एवं इसके लिए शालाओं में दुष्परिणामों, शपथ कार्यक्रम, स्कूलों में कक्षाएं लगाकर जागरूकता कार्य करने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए एवं विद्यालय के पास तंबाकू, शराब आदि बेचने पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।आबकारी अधिकारी को दुकानों, ढाबों पर अवैध शराब बेचने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

एसपी श्री जैन बताया कि पिछली बार जिन क्षेत्रों को चिन्हित किया था उसमें कृषि विभाग द्वारा की गई कार्यवाहियों के बाद खेतों में गांजा, अफीम बेचने की घटनाएं नहीं आई हैं।

सड़क सुरक्षा में मार्च 2025 में रोड एक्सीडेंट की घटनाओं, ब्लैक स्पॉट्स एवं पार्किंग आदि की समीक्षा की। जिसमें बसारी से बमीठा जाने वाली सर्विस रोड का जल्द कार्य शुरू करने के लिए एनएचएआई को निर्देश दिए। साथ ही जैन मंदिर के पास पार्किंग के लिए बोर्ड लगाने के लिए कहा एवं आकाशवाणी तिराहा पर बंद सिग्नल के सुधार कराने के लिए नपा, पीओ डूडा को निर्देशित किया। कलेक्टर ने अन्नपूर्णा गल्ला मंडी में नपा को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने आरटीओ और ट्रैफिक के अधिकारियों को संयुक्त दल बनाकर वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट, ओवरलोडिंग, ओवरहाइट एवं पैसेंजर बस में सामानों के जाने पर चलानी कार्यवाही निरंतर रूप से करने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में सुधार कर नगर पालिका को वैकल्पिक बस स्टैंड की जगह विकसित करने के निर्देश दिए।

# केंद्रीय मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा, खामियों को सुधारने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूजछतरपुर।

जिला पंचायत सभा कक्ष में सोमवार को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में छतरपुर विधायक ललिता यादव, विधायक राजेश शुक्ला, कामाख्या प्रताप सिंह, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जनपद पंचायत अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, आत्मा आदि योजनाओं की जमीनी स्तर पर प्रगति का आंकलन करना था। उन्होंने बताया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में सामने आई कमियों को चिह्नित किया गया है और संबंधित अधिकारियों को इन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि छतरपुर एक आकांक्षी जिला है। यहां विकास कार्यों को गति देने और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारी संयुक्त रूप से प्रयासरत हैं। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और लाभार्थियों तक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि छतरपुर के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध है, और आकांक्षी जिले के रूप में इसे विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। बैठक में अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों, जैसे कि संसाधनों की कमी, ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का अभाव और तकनीकी बाधाओं को साझा किया। कलेक्टर ने जिले में चल रही योजनाओं की प्रगति का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और आश्वासन दिया कि दिशा समिति के निर्देशों का पालन करते हुए कमियों को दूर किया जाएगा। बैठक में जिले के विकास को गति देने और केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया गया।



# बकरी पालन बना आमदनी का जरिया, पलायन से मिल रही मुक्ति : उपसंचालक पशु विभाग



हरिभूमि न्यूज छतरपुर

। मध्यप्रदेश सरकार पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा चलाई जा रही बकरी पालन योजना हितग्राहियों के किसी वरदान से कम नही है। उपसंचालक पशु विभाग श्री सेन ने बताया कि जिले के राजनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम औटापुरवा की निवासी कमली पाल पत्नि काशीराम पाल की। इनको 2023-24 में बकरी पालन इकाई 10 प्लस 1 योजना के तहत लाभ मिला। जिसमें लागत 77 हजार 456 रूपए आया और 30 हजार 982 रूपए का अनुदान प्राप्त हुआ। इस योजना के लाभ से श्रीमती कमली का जीवन बदल गया। पहले वह पलायन कर जिले के बाहर रोजगार के लिए जाती थी, पर योजना के लाभ से घर बैठे आमदनी हो रही है। उन्होंने बताया कि उनके पास खेती की बहुत कम जमीन है। बकरी पालन से एक वर्ष में दूध, खाद एवं बकरे बेंचकर लगभग एक लाख रूपए का लाभ कमाया। साथ ही इनके पास 19 नग बकरा-बकरी है। उन्होंने कहा बैंक का ऋण भी समय से चुक जाता है। वह और उनका पूरा परिवार खुश है।

# पीड़ित परिवार ने पुलिस पर लगाए कार्रवाई न करने के आरोप, एसपी से हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज छतरपुर

जिले के बकस्वाहा थाना क्षेत्र में करीब 20 दिन पहले एक युवती के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया था। दो युवकों ने कट्टे की नोंक पर युवती को उसके भाई के साथ जाते समय अगवा कर लिया था। करीब तीन सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस युवती को बरामद नहीं कर सकी है। पुलिस पर कार्रवाई न करने और पीड़ित परिवार को धमकाने के गंभीर आरोप लगे हैं। सोमवार को जिला कुशवाहा समाज के साथ पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।



पीड़ित परिवार के बबलू पटेल, निवासी किशनपुरा ने बताया कि 8 अप्रैल को उसका परिवार किसी काम से बकस्वाहा गया था। वापसी के दौरान उसकी बहन, परिवार के भाई भूपत के साथ बाइक से वापिस गांव जा रही थी तभी रास्ते में मंडी गेट के पास पुष्पेंद्र लोधी और उसके एक साथी ने कट्टे की नोंक पर उसकी बहन को बाइक से उतार लिया और भूपत को भगा दिया। भूपत ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद बकस्वाहा पुलिस को सूचना दी गई। बबलू ने बताया कि आरोपी के पिता द्वारा उनसे दो लाख रुपये की मांग की जा रही है। वहीं जिला कुशवाहा समाज के युवा अध्यक्ष आशीष पटेल ने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है। बकस्वाहा पुलिस कार्रवाई करने के बजाय पीड़ितों को डराने-धमकाने का काम कर रही है। यदि जल्द ही इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि 8 अप्रैल को बकस्वाहा थाना क्षेत्र में युवती के अपहरण का मामला सामने आया था। युवती की अभी तक बरामदगी नहीं हो सकी है। कुशवाहा समाज ने ज्ञापन देकर तलाश की मांग की है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही युवती को खोज लिया जाएगा।

# आधार सेंटर की अव्यवस्था और भीषण गर्मी बनी परेशानी



## लोगों ने लगाए दलाली के आरोप, झमटुली में सेंटर खोले जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज छतरपुर।

राजनगर क्षेत्र के बमीठा गांव में पंचायत के पास संचालित आधार सेंटर पर फैली अव्यवस्था और भीषण गर्मी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। इसके साथ ही दलाली की शिकायतें भी सामने आई हैं। बताया गया है कि करीब 35 गांवों के लिए यह एकमात्र आधार सेंटर होने के कारण सैकड़ों लोग, खासकर महिलाएं और बच्चे, आधार अपडेट और मोबाइल लिंक कराने के लिए आ रहे हैं लेकिन केन्द्र पर पंखे, पानी और छाया की कमी के कारण उन्हें परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि आधार अपडेट के लिए केन्द्र पर 100-150 रुपये, मोबाइल लिंक के लिए 100 रुपये और जल्दी नंबर लगवाने के लिए 400 रुपये तक वसूले जा रहे हैं, जबकि सरकार ने मोबाइल लिंक के लिए 50 रुपये निर्धारित किए हैं। बच्चों के आधार अपडेट को निःशुल्क करने का दावा किया जाता है, लेकिन सेंटर पर शुल्क लिया जा रहा है। झमटुली निवासी सविता अहिरवार ने बताया कि वह 18 किलोमीटर दूर से दो दिन तक बच्चों के साथ आईं तब जाकर तीसरे दिन नंबर लगा। वहीं हल्कीबाई आदिवासी ने बताया कि उन्हें मोबाइल लिंक और बच्चों के फिंगर अपडेट के लिए 350 रुपये देने पड़े हैं। प्रेमचंद पाल और सईया पाल के मुताबिक वे अपने बच्चों और बुजुर्ग पिता के आधार अपडेट के लिए दिनभर धूप में भूखे-प्यासे बैठे रहे, लेकिन काम नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि यह सेंटर, चद्दर के डिब्बे में संचालित है, जिस कारण से यहां बैठने की जगह, पंखे और पानी की व्यवस्था नहीं है। झमटुली क्षेत्र के लोगों ने बताया कि उन्हें आधार अपडेट कराने के लिए राजनगर और सटई में करीब 30 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है, उन्होंने झमटुली पंचायत में आधार सेंटर खोलने की मांग की है जिससे लगभग 20 गांव के लोगों को सुविधा मिलेगी।

## शिक्षिका रंजीता साहू को हाईकोर्ट से मिली राहत

# सेवा समाप्ति के आदेश पर लगी रोक



हरिभूमि न्यूज छतरपुर।

जिला मुख्यालय के समीप ग्राम धमौरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत माध्यमिक शिक्षिका श्रीमती रंजीता साहू की सेवा समाप्ति के आदेश पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर ने रोक लगा दी है। वर्ष 2001 के बाद तीसरी संतान होने के कारण पिछले दिनों संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, सागर संभाग ने उनकी शासकीय सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी थी।

श्रीमती साहू के अधिवक्ता अभय पांडे ने बताया कि शिक्षिका ने इस कार्रवाई के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उन्होंने कोर्ट में तर्क दिया कि सेवा समाप्ति का आदेश बिना सुनवाई और मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियमों के तहत जांच के जारी किया गया, जो गलत है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के कई निर्णयों का हवाला देते हुए आदेश पर रोक लगाने की मांग की। न्यायालय ने याचिका पर विचार करते हुए अंतरिम राहत प्रदान की और सेवा समाप्ति के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही, श्रीमती साहू को अपने पद पर कार्य करने की अनुमति भी दी गई है।

# पटवारी की उदासीनता के चलते गंगाजल संवर्धन योजना भी हो रही प्रभावित

## मुख्यमंत्री, कलेक्टर के आदेश को भी नहीं मानते घूर पटवारी



हरिभूमि न्यूज छतरपुर।लवकुश नगर।

गौरिहार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम घूर में इस समय पर अंधेर नगरी चौपट राजा की कहानी की तर्ज पर कार्य हो रहा है। ग्राम घूर को पटवारी कपिल चौरसिया चारागाह समझकर मजे ले रहे है सभी कार्य दलालों के माध्यम से हो रहे है। पटवारी की उदासीनता खाऊ कमाऊ नीति के चलते सरकारी जमीनों मे बेतहाशा कब्जे पटवारी के दलालों व अन्य लोगों ने कर रखे हैं। गंगाजल संवर्धन योजना का पटवारी व उसके दलालों के द्वारा माखौल उड़ाया जा रहा है एक तरफ तो प्रशासन गंगा जल संवर्धन जैसी योजना लाकर घर-घर पानी पहुंचाने में रात दिन एक किये है दूसरी तरफ पटवारी कुछ दलालों के माध्यम से लोगो ने सरकारी तालाबों पर कब्जे कर रखे हैं। ग्राम घूर में तीन तालाब है तीनों अतिक्रमण की चपेट में है यदि यही हाल रहा तो एक-दो साल में इन तालाबों का नामोनिशान मिट जाएगा। इसी प्रकार मंदिर से लगी सरकारी जमीन पर भी पटवारी साहब के चहेतों के कब्जे हैं। आज छोटे से छोटे कार्य के लिए भी ग्राम घूर के किसानों मजदूरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पटवारी के मुख्यालय में ना रहने के कारण ग्राम वासियों को उनके घर महाराजपुर जाना पड़ता है जहां पर आने-जाने में 300 रूपए किराया, पूरे दिन का समय खराब होता है जब इस प्रतिनिधि ने पटवारी कपिल चौरसिया से बात की तो उन्होंने जवाब दिया कि इतनी गर्मी में मैं नहीं आ सकता मेरी शिकायत चाहे जहां कर दो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। ग्राम सरपंच पति ने भी इस प्रतिनिधि को बताया कि पटवारी के न रहने से पंचायत के कार्य प्रभावित होते हैं पटवारी महीने में 20 दिन में एक दिन को आते हैं वह भी किसी को बिना बताए। यदि यही हाल रहा तो ग्रामवासी एकत्र होकर एसडीएम को ज्ञापन के माध्यम से पटवारी को हटाने की मांग करेंगे।

# जमीन विवाद के चलते बड़े भाई और भतीजों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज छतरपुर।



राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बंदरगढ़ में जमीन विवाद के चलते एक परिवार में हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। बताया गया है कि बड़े भाई और उसके बेटों ने छोटे भाई और उसकी पत्नी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित हल्केराम अहिरवार ने बताया कि वह बड़े शहरों में मजदूरी करता है और हाल ही में अपने गांव लौटा था। बीती शाम जमीन विवाद को लेकर उसके बड़े भाई छिद्दू अहिरवार और उसके बेटों ने हल्केराम और उसकी पत्नी पाना बाई पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायल दंपति को पहले राजनगर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं राजनगर थाना पुलिस ने मारपीट की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# परिवार के लोगों ने युवक को बेरहमी से पीटा

हरिभूमि न्यूज छतरपुर।



सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नया मोहल्ला में संपत्ति को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ परिवार के लोगों द्वारा लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।

पीड़ित मोहम्मद साजिद खान निवासी नया मोहल्ला ने बताया कि सोमवार की दोपहर वह अपने घर पर था तभी परिवार का शेरू उर्फ आजाद, आरिफ और बड़ी बाई उर्फ आशिन ने मकान खाली करने को कहा, और जब साजिद ने बात नहीं मानी तो उसके साथ मारपीट कर दी। साजिद के मुताबिक आरोपियों ने अपना हिस्सा पहले ही बेच दिया था और अब वह जिस मकान में रह रहा है, उसे खाली करने के लिए विवाद कर रहे हैं। मारपीट में साजिद को गंभीर चोटें आई हैं और जिला अस्पताल में उसका इलाज जारी है।



# सिंघाड़ी नदी में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज छतरपुर।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण की दिशा में कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में नगर पालिका छतरपुर द्वारा शहर की सिंघाड़ी नदी का कायाकल्प करने, साफ व सुंदर बनाने के लिए आधुनिक मशीनो द्वारा सफाई की जा रही है।

# खेत से मिट्टी निकालने से रोका तो किसान के साथ मारपीट



हरिभूमि न्यूज छतरपुर।

बमनौरा थाना क्षेत्र के भैंसखेरा गांव में खेत से मिट्टी निकालने को लेकर हुए विवाद में एक किसान के साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। घायल किसान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित मोहन पाल उम्र 50 वर्ष ने बताया कि उनका छोटा भाई संतोष ईंट बनाने के लिए उनके खेत की मेंड़ से मिट्टी खोद रहा था। जब मोहन ने इसका विरोध किया तो संतोष, शोभन और सटू ने मिलकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में मोहन को गंभीर चोटें आईं। मोहन की शिकायत पर बमनौरा थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल किसान का इलाज छतरपुर जिला अस्पताल में चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### श्री संपत मिश्रा का निधन



**हरिभूमि न्यूज रीवा।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद रीवा संभाग इकाई के संभागीय उपाध्यक्ष संपत मिश्रा का रविवार की रात सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रीवा मुक्तिधाम में किया गया।

### सड़क पर वृद्ध को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हालत गंभीर



**हरिभूमि न्यूज रीवा।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दूध बेचने निकले बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जो गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना रविवार सुबह रीवा सेमरिया मार्ग स्थित गोदहा गांव की है,जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क में जा रहे बुजुर्गों को जोरदार टक्कर मार दी जिन्हें गंभीर हालत में संजय गांधी अस्पताल लाया गया है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग रोजाना की तरह दूध बेचने निकले थे तभी वापस घर लौटते वक्त किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घायल की पहचान स्थानीय निवासी रामसजीवन यादव के रूप में हुई हैए जो पेशे से तो किसान है लेकिन घर में गाय भैंस होने के कारण दूध बिक्री का भी काम करते है। हालांकि बुजुर्ग को किस वाहन ने ठोकर मारी यह साफ नहीं हो सका। चूंकि बुजुर्ग सडक़ पर घायल अवस्था में पाया गयाए जिसे आनन.फानन में अस्पताल पहुंचाया गया हैए। जहां उसका उपचार जारी है।

### पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज रीवा।** शहर के बिछिया थाना पुलिस में एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दे आरोपी के ऊपर जिले के विभिन्न थानों में लगभग तीन दर्जन से अधिक गंभीर अपराध दर्ज है, बताया जा रहा है कि शातिर बदमाश अपने पास कोई भी मोबाइल फोन नहीं रखता है और घटना को अंजाम देने के बाद बड़ी ही आसानी से जिले से फरार हो जाता था। फिलहाल एक लडक़ी से मारपीट की शिकायत के बाद पुलिस ने बदमाश को चोरी की बाईक के साथ गिरफ्तार किया है,जिसके विरुद्ध कार्यवाही की गई है,बिछिया पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के बेलौहन टोला निवासी विजय पासी के ऊपर हत्याए डकैतीए लूटए चोरीए नकब्जनी सहित एससी एसटी के मामले भी दर्ज हैं। बताया गया कि हाल ही में बिछिया थाना क्षेत्र में आरोपी के द्वारा रश्मि गुप्ता नामक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट की गई थीए जिसकी शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। फिलहाल मुखबिर तंत्र से मिली सूचना के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लियाए जिसके पास से चोरी की बाइक भी बरामद की गई है जिसे आरोपी शहडोल से चोरी करके आया था। पुलिस ने फिलहाल जिले में विभिन्न घटनाओं को अंजाम देने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की है।

### उप मुख्यमंत्री ने आमजनों की सुनी समस्याएं



**हरिभूमि न्यूज रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निज निवास अमहिया में आमजनों की समस्याओं को सुना तथा निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# नल-जल प्रदाय योजना की सभी बाधाओं को दूर करते हुए तत्काल संचालन प्रारंभ कराएं : डिप्टी सीएम

## उप मुख्यमंत्री ने रीवा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण एकल नल-जल योजना की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज रीवा।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण एकल नल-जल योजना की सभी बाधाओं का निराकरण करते हुए तत्काल संचालन प्रारंभ कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित पंचायतों के सरपंच के साथ बैठक कर जल प्रदाय की समस्याओं को दूर करें तथा एक पखवाड़े में सभी नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर सुगम संचालन सुनिश्चित कराएं। राजनिवास सर्किट हाउस में रीवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में एकल नल-जल योजना की ग्रामवार समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने जल प्रदाय योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि पाइप लाइन में सुधार, पानी की उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन आदि समस्याओं का निराकरण कराएं तथा संबंधित सरपंचों से योजना का संचालन कराएं ताकि घरों में जल प्रदाय समुचित ढंग से होने लगे। उन्होंने रीवा विधानसभा अन्तर्गत 14 ग्राम पंचायतों के 24 ग्रामों में जल प्रदाय के लिए निर्मित एकल नल-जल परियोजना के संबंधित संविदाकारों से पानी की सप्लाई की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि आवश्यक सुधार कार्य कराकर जल प्रदाय कराएं। उन्होंने कहा कि आगामी 15 दिवस में पुनः बैठक कर की गई कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि संबंधित सरपंचों, पीएचई के अधिकारियों तथा सचिव व ग्राम सहायक की समन्वित बैठक में जल प्रदाय की समस्याओं का निराकरण कर घर-घर पानी सप्लाई का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी राजेश पाण्डेय ने ग्राम पंचायतों में जल प्रदाय की जानकारी दी तथा आवश्यक सुझाव दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, एसडीएम अनुराग तिवारी, तहसीलदार एवं प्रभारी सीईओ रीवा जनपद शिवशंकर शुक्ला, जल निगम के अधिकारी, पीएचई के सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा संविदाकार उपस्थित रहे।

# समदड़िया कॉम्प्लेक्स के पांचवे माले से कूदी युवती, हुई मौत मृतक की पहचान करने में जुटी पुलिस, कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज रीवा।



शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत नए बस स्टैंड स्थित समदड़िया बिल्डिंग के पांचवें माले से एक अज्ञात युवती ने छलांग लगा दी। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया है, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। समदडिया कॉम्प्लेक्स की पांचवे मंजिल पर चढ़कर एक युवती ने दोपहर 1.45 बजे के करीब छलांग लगाई, जिसके बाद चारों तरफ अफरा तफरी माहौल पैदा हो गया। युवती चेहरे पर गमछा बांधे हुई थी। चेहरे के बल वह जमीन पर गिरी, जिससे उसका चेहरा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।इस दौरान अज्ञात युवती गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंची है जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटनास्थल पहुंची पुलिस ने बिल्डिंग के छत पर एक बैग पाया हालांकि बैग की जांच में युवती से संबंधित कोई आईडी नहीं मिली है। पुलिस के मुताबिक युवती की उम्र करीब 25.26 वर्ष के आस पास होगी। मृतक के शव को पीएम के लिए मर्चुरी में रख दिया गया है और पुलिस उसका नाम पता तलाश करने का प्रयास कर रही है। फिलहाल इसका पता नहीं चल पाया है कि युवती ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया। समदरिया बिल्डर के जिस कॉम्प्लेक्स से उसने कूदकर आत्महत्या की है उसमे आवासीय फ्लैट है। बड़ी संख्या में लोग रहते हैं। पुलिस ने कॉम्प्लेक्स में लगे सीसीटीवी कैमरों का चेक किया तो युवती दोपहर 1:30 बजे छत पर जाती नजर आ रही है। वह अकेले ही छत पर गई थी। उसके साथ कोई नहीं था। छत पर जाने और वहां से कूदने में करीब पांच से दस मिनट का अंतर था।

**बॉल्स पहले छत पर जलाए दस्तावेज, फिर लगाई छलांग**

घटना के बाद पुलिस जब कॉम्प्लेक्स की छत पर पहुंची तो वहां पर जले हुए दस्तावेज मिले। युवती ने अपनी पहचान छिपाने के लिए सारे दस्तावेजों को आत्मघाती कदम उठाने के पूर्व जला दिया था। पुलिस को छत पर उसका बैग पड़ा मिला,जिसमें पहचान के लिए कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस उक्त युवती की पहचान नहीं कर पाई है। बैग में उसका मोबाइल मिला है. जिसका लॉक खुलवाने का प्रयास पुलिस कर रही है। उसके बाद ही परिजनों का पता चल पाएगा।

# विधायक, कलेक्टर और एसपी ने लिया मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायजा



हरिभूमि न्यूज, रीवा।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रीवा जिले के जवा तहसील में ग्राम दिव्यगवां में दौरा कार्यक्रम 4 मई को प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ यादव शासकीय महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे तथा विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड तथा महाविद्यालय भवन का निरीक्षण किया एवं तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की सभा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में आमजन पहुंचेंगे। इनके बैठने तथा पेयजल के लिए समुचित व्यवस्था करें। हेलीपैड स्थल और कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के समुचित प्रबंध करें। वाहनों की पार्किंग सुव्यवस्थित कराएं। कार्यक्रम स्थल पर प्राथमिक उपचार दल तैनात रखें। आमजनता के बैठने की सेक्टरवार व्यवस्था करें। प्रत्येक सेक्टर में पेयजल व्यवस्था तथा सुरक्षा के लिए अधिकारी तैनात रहें। मुख्य मंच में केवल सूची में शामिल लोगों को ही प्रवेश दें। कलेक्टर ने अधिकारियों को मंच व्यवस्था, साउंड सिस्टम तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, एसडीओपी उदित मिश्रा, एसडीएम पीयूष भट्ट तथा अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# संजय गुप्ता बने पुस्तक विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज रीवा।

पुस्तक विक्रेता संघ रीवा के नवीन जिलाध्यक्ष के रूप में संजय गुप्ता को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने संगठन के सभी शीर्ष नेतृत्व, पदाधिकारियों और सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री गुप्ता ने विशेष रूप से संरक्षकगण कमलेश सचदेवा, नरेन्द्र गुप्ता और नरेश चुंगवानी के साथ-साथ वरिष्ठ व्यवसायी कमलेश अग्रवाल, मयंक गोयल और आदित्य मिश्रा का नाम लेते हुए उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि संजय गुप्ता संगठनात्मक कार्यों में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। वर्ष 2017 में उन्हें भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ का जिला सह-संयोजक नियुक्त किया गया था। उनके सफल कार्यकाल और संगठन के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए पुस्तक विक्रेता संघ के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा, जिला नेतृत्व द्वारा मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है, मैं उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा तथा संगठन को और अधिक मजबूत एवं संगठित बनाऊंगा। पुस्तक विक्रेता संघ रीवा की यह नियुक्ति न केवल संगठन की एकता को दर्शाती है, बल्कि युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

# नीट यूजी परीक्षा 4 मई को कलेक्टर ने परीक्षा के संबंध में दिए निर्देश

## किसी भी तरह का इलेक्ट्रानिक उपकरण और खाद्य पदार्थ ले जाना रहेगा प्रतिबंधित

**हरिभूमि न्यूज रीवा ।** निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में 4 मई, रविवार को एनटीए नीट यूजी की परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि नीट यूजी परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपने साथ एनटीए वेबसाइट से डाउनलोड किया गया प्रवेश पत्र, पोस्टकार्ड साइज की एक फोटो तथा पासपोर्ट आकार की दो फोटो अवश्य साथ लाएं। इसके साथ-साथ किसी एक अधिकृत फोटो पहचान पत्र की मूल तथा वैध प्रति लेकर आना आवश्यक है। पारदर्शी बोतल में पानी लेकर आने की अनुमति रहेगी। कलेक्टर ने कहा है कि परीक्षा केन्द्र में जूते पहनने की अनुमति नहीं रहेगी लेकिन कम हील की सैण्डल अथवा चप्पल परीक्षार्थी पहन सकते हैं। कलेक्टर ने कहा है कि परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हीटबैण्ड आदि ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। चश्मा, घड़ी, बेल्ट, कैप, हैण्डबैग, कैमरा, ब्रेसलेट तथा किसी भी तरह के खाद्य पदार्थ का ले जाना भी प्रतिबंधित रहेगा। अपारदर्शी बोतल में पानी ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। परीक्षार्थी हल्के कपड़े पहनें जिनकी आस्तीन लंबी न हों। फैंसी पाकेट, जिपर, बैज आदि लगा न हो। छात्राएं किसी भी तरह के गहने अथवा धातु की बनी वस्तुओं को न पहनें। फैंसी और कढ़ाईदार कपड़े भी न पहनें। परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें। परीक्षा के संबंध में सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से फैलने वाली तथ्यहीन सूचनाओं और अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाहों की तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें। नीट यूजी परीक्षा में अनुचित साधनों और अपराधों के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन अधिनियम 2024 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# सड़क पर चलती बाइक में बदमाशों ने महिला से छीना बैग, कलेक्टर बंगले का कर्मचारी निकला पीड़ित



**हरिभूमि न्यूज रीवा** जिले में बेखौफ बदमाशों ने आतंक फैला के रखा है, नशे की हालत में बदमाश आए दिन गंभीर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, रविवार को कलेक्टर बंगले में तैनात एक कर्मचारियों को बदमाशों ने अपना शिकार बनाया है, दरअसल कलेक्टर के बंगले में काम करने वाले कर्मचारी और उसकी पत्नी से बाइक में सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी बीच पीछे से आए अज्ञात युवको ने लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। बदमाशों ने चलती हुई बाइक से झपट्टा मारकर महिला के कंधे पर टंगा बैग छीन लियाए जिस दौरान पति और पत्नी दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गए। घटना रविवार दोपहर को गुढ़ थाना क्षेत्र स्थित चौंडियार मोड़ की बताई गई है। दरअसल यह घटना उस वक्त हुई जब रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल के बंगले में काम करने वाला कर्मचारी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गांव जा रहा थाए इसी बीच रास्ते में बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने पीछा कर पहले तो ओवरटेक कर उन्हें रोकने का प्रयास कियाए लेकिन पीड़ित दंपति जब नहीं रुका तो बदमाशो ने चलती हुई बाइक से झपट्टा मारकर महिला के कंधे में टंगा बैग छीन लिया। इस दौरान अनियंत्रित हुई बाइक से गिरकर पति और पत्नी दोनों घायल हो गए। घटना के संबंध में मनोज कुमार रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि वह रीवा कलेक्टर बंगले का कर्मचारी हैए जो पत्नी को बाइक में बिठाकर ममदर गांव स्थित रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी चौडियाड मोड़ के समीप बिना नंबर की पल्सर बाइक में सवार दो बदमाशों ने उनका पीछा करते हुए चलती हुई बाइक से कंधे में टंगा बैग छीन लिया। पीड़ित के मुताबिक बैग में मोबाइल और कुछ पैसे रखे हुए थेए जिसे बदमाश छीनकर फरार हो गए। हालांकि पूरे मामले की शिकायत पीड़ित ने संबंधित थाने में दर्ज कराई है इसके बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रखी है।

# शॉर्ट सर्किट से गांव में लगी आग, गेहूं की फसल जलकर राख, बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तिलखन की घटना



**हरिभूमि न्यूज रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिलखन गांव के गुहिया टोला में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग भड़क उठी। यह आग कुछ ही मिनटों में पास के खेतों तक पहुंच गई और वहां रखी गेहूं की तैयार फसल को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना सुबह करीब 8 बजे की है, जब गांव के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन में चिंगारी उठी और वह नजदीकी खेतों में फैल गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे गांव के लोग दहशत में आ गए। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर खुद ही पानी, मिट्टी और बाल्टियों की मदद से आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की एक टीम भी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से कुछ ही घंटों में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि तब तक खेत में रखी सैकड़ों किलो गेहूं की फसल जलकर खाक हो चुकी थी और कई पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि घटना के दौरान उन्होंने बिजली विभाग को बार-बार फोन कर स्थिति से अवगत कराने की कोशिश की, लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने कॉल रिसीव नहीं किया। इससे लोगों में करंट फैलने का भी भय बना रहा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन किसानों की मेहनत और फसल को भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान मुआवजे की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**मऊगंज नगर परिषद का हाल बदहाल**

# स्वच्छता के नाम पर लाखों खर्च फिर भी जगह-जगह लगा कचरे का अंबार

हरिभूमि न्यूज, मऊगंज।

जिले के नगर परिषदो मे स्वच्छ भारत मिशन और समग्र स्वच्छता अभियान जैसे शासन की अति महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजना को जमीनी रूप देने के लिए शासन स्तर पर बेहिसाब पैसा खर्च किया जा रहा है। कमोबेश जिले के नगरीय निकायों ग्राम पंचायतों की तरह नगर परिषद मऊगंज में भी अकूत पैसा खर्च किया जा रहा है। साफ सफाई के लिए पर्याप्त कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं कचरा उठाने के लिए विशेष वाहन लगाए गए हैं। लेकिन मऊगंज नगर परिषद क्षेत्र के अधिकतर हिस्से में स्वच्छता के नाम पर जमीनी हालात बद से बदतर हैं। स्थिति कुछ इस कदर है कि संबंधी अमला कागज में स्वच्छता का ढींगरा पीटते हुए चारों ओर साफ सफाई के नाम पर अपनी पीठ थपथपा रहा है। जबकि मुख्य मार्ग सहित कुछ चिन्हित बसाहटों को यदि छोड़ दिया जाए तो जहां देखा जाए वही कचरे का अंबार लगा हुआ है। नगर प्रशासन मऊगंज द्वारा स्वच्छता के नाम पर कागज में किए जा रहे कार्यों की पोल खोलता प्रत्यक्ष नजारा नगर परिषद मऊगंज क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी चाक मोड एवं पशु चिकित्सालय परिसर में देखा जा सकता है जहां पूरे परिसर में कचरे का अंबार लगा हुआ है। घनी आबादी की नालियां कचरे से बजबजा रही हैं जगह-जगह पानी भरा हुआ है। जबकि साफ सफाई के नाम पर मऊगंज नगर के निवासियों से राजस्व की वसूली की जाती है और नगर निकाय को लाखों की आमदनी होती है । लेकिन व्यवस्था के नाम पर नगर निकाय द्वारा सिर्फ दिखावटी ढोल पीटे जा रहे हैं। आम निवासियों का आरोप है कि स्वच्छता के नाम पर नगर निकाय द्वारा कुछ इस कदर पलीता लगाया जा रहा है कि जहां देखा जाए वहां कचरा हो कचरा नजर आता है।



### खानापूर्ति तक सीमित स्वच्छता अभियान

कहने के लिए तो नगर निकाय द्वारा पूरे एरिया को साफ स्वच्छ बनाए रखने हेतु कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं वही सफाई दरोगा से लेकर अन्य कर्मचारी अधिकारी बराबर नजर रखते हैं। लेकिन मौके ए हालात बताते हैं कि विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्य के प्रति कितने सजग हैं । किसी भी वक्त देखा जा सकता है। हालात बोलते हैं कि समग्र स्वच्छता के नाम पर नगर निकाय सिर्फ ढींगरा पीट रहा है। यहां सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब नगर प्रशासन सार्वजनिक स्थलों के क्षेत्र को साफ स्वच्छ रखने में कोताही बरत रहा है तो भला अन्य क्षेत्र के हालात कैसे होंगे। गौरतलब है कि समग्र स्वच्छता के नाम पर नगर निकाय द्वारा आए दिन फोटोग्राफी करा कर अखबारों की सुर्खियां बटोरी जाती हैं लेकिन स्वच्छता को जमीनी रूप देने के लिए सुर्खियां बटोरने की हालत को जमीनी रूप देने में नगर प्रशासन एवं समग्र स्वच्छता मिशन के कर्मचारी असफल रहे हैं। नगर परिषद मऊगंज के स्थानीय जनमानस ने कलेक्टर मऊगंज एवं नगरीय प्रशासन के आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि नगर परिषद क्षेत्र में जन सुखाधिकार को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही कागज में काम करने वाले और फोटोग्राफी तथा अखबारों में सुर्खियां बटोरने वाले जिम्मेदार अमले पर विधि संगत कार्यवाही की जाए।

# मऊगंज में पत्रकारों के आमरण अनशन हुआ समाप्त





### पुलिस अधीक्षक ने जूस पिलाकर तुडवाया अनशन

**हरिभूमि न्यूज, मऊगंज।** जिले में चल रहे पत्रकारों के आमरण अनशन के छठे दिन आज कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक आमरण अनशन स्थल पहुंचकर समझाइश देकर आमरण अनशन जूस पिलाकर तुडवायाविगत दिनो पत्रकार मिथिलेश त्रिपाठी के साथ नईगढ़ी थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के संबंध में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर जांच कराने की मांग की गई थी और जब तक जांच पूरी नही हो पाती तब तक थाना प्रभारी नईगढ़ी को थाने से हटाकर जिले के बाहर पदस्थ करने एवं मामले के निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई थी किंतु प्रशासन द्वारा कार्यवाही न किए जाने के विरोध में आमरण अनशन शुरू किया गया था जिसको आज पुलिस अधीक्षक ने जूस पिलाकर तुड़वाया और